an>

Title: Need to confer Bharat Ratna on Mahatma Jyotiba Phule and Savitribai Phule.

श्री राजीव सातव (हिंगोली) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के गुरु महात्मा ज्योतिबा राव फुले और उनकी पत्नी सावित्राबाई फुले के बारे में सदन में कुछ बातें रखना चाहता हूं। देश में सबसे पहले महिला शिक्षा की शुरुआत अगर किसी ने की थी तो महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने की थी। उन्होंने अपनी पत्नी को पढ़ाया। देश की पहली महिला शिक्षिका के रूप में सावित्रीबाई फूले ने काम किया।

जाति पृथा की बुराई की बात हो या असमानता के खिलाफ उनका संघर्ष हो या विधवाओं की अमानवीय दशा सुधारने की बात हो, इन सभी कामों में इन दोनों का बहुत बड़ा योगदान रहा और इसीलिए विधवा पुनर्विवाह हो या महिला शिशु सुरक्षा सहित कई सारे मसलों पर इन दोनों ने बहुत काम किया। उस समय बाल हत्या प्रतिबंध गृुप की स्थापना उन्होंने की और घर का पानी सभी लोगों के लिए उन्होंने खुला किया था। मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह आगृह है कि इनका सामाजिक काम देखते हुए महात्मा ज्योतिबा राव फुले और सावित्रीबाईन्न फुले को भारत रत्न दिया जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Arjun Ram Meghwal, Shri A. T. Nana Patil, Shri Gajendra Singh Shekhawat, and Shri Rattan Lal Kataria are permitted to associate with the issue raised by Shri Rajeev Satav.